# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) भदोही–221304

E-Mail Id-eeupjnsrn@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473942678


पत्रांक 5032/ कार्य–65 / 43 दिनांक– 14.09.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम,
6–राणा प्रताप मार्ग
लखनऊ।

विषय :– **दैनिक भास्कर के न्यूज ई0–पेपर मे दिनांक 11.09.2026 मे प्रकाशित " बारीपुर गांव में पाइप लाइन कटने से पानी सप्लाई ठप : जल जीवन मिशन की पेयजल आपूर्ति पर असर, मरम्मत का काम तेज" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर के न्यूज ई0–पेपर मे दिनांक 11.09.2026 मे प्रकाशित जनपद भदोही मे **" बारीपुर गांव में पाइप लाइन कटने से पानी सप्लाई ठप : जल जीवन मिशन की पेयजल आपूर्ति पर असर, मरम्मत का काम तेज"** के सम्बन्ध मे सादर अवगत कराना है कि सामाचार में प्रकाशित खबर विकास खण्ड डीघ के ग्राम पंचायत बारीपुर उपरवार से सम्बन्धित नकारात्मक न्यूज प्रकाशित किया गया है।

प्रश्नगत योजना में 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग, सोलर पैनल, पाइप लाइन 20.52 कि0मी0, शिरोपरि जलाशय एवं 580 नग गृह जल संयोजन कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष नलकूप, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल ,सोलर, पाइप लाइन का कार्य पूर्ण हो चुका है। 580 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 520 नग एवं सोलर पैनल का कार्य 50 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया हैं, शेष कार्य प्रगति पर है। योजना के समस्त प्रस्तावित कार्यो को दिसम्बर 2026 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित हैं। तदानुसार कार्य प्रगति पर हैं। यद्यपि योजना अभी निर्माणाधीन है, फिर भी सार्वजनिक सुविधा के दृष्टिगत आंशिक रूप से नियमित जलापूर्ति की जा रही है, सड़क चौडीकरण के कारण पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई है जिसके कारण जलापूर्ति आंशिक रूप से बाधित हुई है। क्षतिग्रस्त पाइप लाइन का मरम्मत कार्य प्रगति पर है शीघ्र ही क्षतिग्रस्त पाइप लाइन का मरम्मत कार्य पूर्ण कर योजना को क्रियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।**

**भवदीय**

**(राजबली)**
**अधिशासी अभियन्ता**

पृ0स0 व दिनांक यथोक्त।
प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (वा0क्षे0 ), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) वाराणसी ।
2. अधीक्षण अभियन्ता मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण मीरजापुर।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता /जूनियर इंजीनियर।
4. मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राइजेज , भदोही को इस निर्देश के साथ प्रेषित की उपरोक्त कार्यो को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**